# चला श्रीराम का तीर और हो गया बुराई का अंत



श्री महाप्रचण्ड दुर्गाउत्सव समिति थापक वार्ड पाटन (नगर सेठानी माँ)



**▶ पंजाबी दशहरा में उमड़ा जनसैलाब**

**जबलपुर।** पंजाबी दशहरा का 73वॉं महोत्सव में 75 फुट ऊंचे रावण एवं कुम्भकरण के पुतलों के दहन किया गया। इस अवसर पर बेहद रोमांचकारी आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। पंजाबी दशहरा में प्रख्यात शिवकाशी भारतीय अन्य आतिशबाजी का बेजोड़ प्रदर्शन किया गया, राष्ट्रीय स्तर के आतिशबाजों ने एक से बढ़कर एक इंद्रधनुषी बहुरंगीय धमाकों का प्रदर्शन करते हुए म्यूजिक वाले नए बहुरंगीय आतिशबाजी के आइटमों से



ग्वारीघाट के आसमान पर सीटी बजाते हुए रंगीन छटा बिखेर दी, जिसे देखकर लोग काफी प्रभावित हुए। जैसे ही श्रीराम के अग्निबाणों ने रावण और कुंभकरण के 75 फुट विशालकाय पुतलों को भेदा दोनों पुतले धू धू कर जल उठे, पूरा आयोजन स्थल भी जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। दशहरा का शुभारंभ डॉ स्वामी नृसिंहदेवाचार्य के आर्शीवचन से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथ्य के रूप में प्रमुख अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, विशिष्ट अतिथि सुमित्रा वाल्मीकि, विशेष अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज, पूर्व विधायक विनय सक्सेना थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व वित्त मंत्री तरूण भनोत ने की।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष नरेन्द्र पाल मलिक, उमेश खुराना, नरेश ग्रोवर, इंदर बिरमानी, राजीव ओबेराय, उमेश शर्मा, उषा खुराना, अंशुल मलिक, सुधीर मेहता, रघुवर कपूर, गुलशन माखिजा, नरेंद्र धमीजा, संजय अरोरा, प्रदीप वाधवा, दीपक चंडोक, संजीव मलिक, दीपक वर्मा, संदीप सेठी, जगदीश साहनी, आशीष खुराना, अंशुल कोहली, श्याम साहनी, मनमोहन कोचर, अजीत मिनोचा, नीरज ब्योत्रा, सहित सैकड़ों पंजाबी समाज के सदस्य उपस्थित थे।

### इनका कहना है



सभी को दशहरे की बहुत-बहुत शुभकामनाएं कल पंजाबी दशहरे में शामिल होकर बहुत ही अच्छा लगा।
**राजकौर**



बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है दशहरा, हम सभी को हर समय अच्छे कार्य करने चाहिए। **इंदर सिंह**

## 9 माह में 15 पर लगा रासुका, 231 तड़ीपार किए गए

**▶ नई 28 निगरानी, 186 गुण्डा फाईल भी खुली**

**जबलपुर।** नौ माह में गुंडे बदमाशों पर पुलिस ने शिकंजा कसा। शातिर गुण्डा बदमाशो के आपराधिक रिकार्ड देखते हुए 15 एनएसए, 231 के खिलाफ जिला बदर की कार्यवाही की गयी है। इसी प्रकार आदतन मारपीट एवं सम्पत्ति सम्बंधी अपराध घटित करने वाले आरोपियों को चिन्हित करते हुये उनके आपराधिक रिकार्ड के आधार पर नई 28 निगरानी एवं 186 गुण्डा फाईल खोली गयी है।



विदित हो कि पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियो एवं थाना प्रभारियों को बदमाशें के खिलाफ प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के साथ गुंडा फाईल खोलने निर्देश दिए गए थे। 1 जनवरी से 30 सितम्बर तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री अंजना तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, मार्ग निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षकों के द्वारा अपने अपने अनुभाग के शहर एवं देहात के थानों में असामाजिक तत्वों, गुण्डा बदमाशों, के खिलाफ की गयी कार्यवाही करवायी गयी।

## सोयाबीन उत्पादक किसानों का पंजीयन कल से

**नवभारत, जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सोयाबीन उत्पादक किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से शुरू की गई भावन्तर भुगतान योजना के अंतर्गत जबलपुर जिले में किसानों का पंजीयन 3 अक्टूबर से शुरू होगा। इस योजना का लाभ लेने सोयाबीन उत्पादक किसान 17 अक्टूबर तक अपना पंजीयन करा सकेंगे। उप संचालक कृषि ने बताया कि भावांतर भुगतान योजना में किसान अपना पंजीयन धान पंजीयन के लिये निर्धारित किये गये जिले के सभी पंजीयन केन्द्रों पर करा सकेंगे। इनके अलावा किसान कृषक सेवा केन्द्र, एमपी ऑनलाइन कियोस्क अथवा एमपी किसान एप के माध्यम से भी अपना पंजीयन करा सकेंगे।

**24 से 15 जनवरी तक होगा विक्रय** - डॉ निगम के अनुसार भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत पंजीयन हो जाने के बाद राजस्व विभाग द्वारा पंजीकृत किसानों के रकबे का सत्यापन किया जायेगा तथा सत्यापन के बाद सोयाबीन उत्पादक किसान 24 अक्टूबर से 15 जनवरी के बीच जिले की किसी भी कृषि उपज मंडी में पूर्व की भांति अपनी उपज का विक्रय कर सकेंगे।

## हनुमानताल तालाब के घाटों का निगमायुक्त ने लिया जायजा

**जबपुर।** नवरात्रि पर्व के उपरांत दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन करने और कराने की व्यवस्था को लेकर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार लगातार व्यवस्थाओं को ठीक कराने में लगे हुए हैं। प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए अब सभी तालाबों और कुण्डों में व्यवस्थाएँ चाकचौबंद करा ली गयी है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने हनुमानताल तालाब का अधिकारियों के साथ बुधवार को भी निरीक्षण किया और सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त श्री अहिरवार ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि दुर्गा समितियों के सदस्यों से



तालमेल बिठा कर सुरक्षा और सावधानीपूवर्क सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी प्रतिमाओं के विसर्जन के समय उपस्थित रहेगें तथा विसर्जन कराएँगे। निगमायुक्त ने अन्य विसर्जन कुण्डों पर की जा रही व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को सावधानी और सुरक्षा के साथ विधिपूर्वक प्रतिमाओं का विसर्जन कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशांत गोटिया, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, संभागीय यंत्री पवन सिंह ठाकुर, कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे, संभागीय अधिकारी महेन्द्र उईके, सहायक यंत्री अजय लवाना, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोलाराव, जल उपयंत्री गुलाब इन्वाती आदि उपस्थित रहे।

## राज्य सरकार दे तीन परसेंट महंगाई भत्ते की सौगात

नवभारत, जबलपुर। डोमा परिसंघ ने केंद्र सरकार के समान राज्य सरकार भी जुलाई से कर्मचारियों को तीन परसेंट महंगाई भत्ते की सौगात देने की मांग की है, जिससे लोग दीपावली जश्न से मना सके।

डोमा परिसंघ के पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष अजय झारिया,राजेंद्र कापसे ,महासचिव मुक्तेश्वर राव ,नगर निगम प्रकोष्ठ अध्यक्ष जय केवट ,उपाध्यक्ष सुरेंद्र लखेरा, सुनील रैकवार, अनिल धनगर, सुनील रैकवार, सुखदीन कटारे राजेश बुनकर , किशोरीलाल बढ़ेल ,एम एल रैकवार,तीरथ बर्मन, जगदीश नन्हेट,राजकुमार वर्षे,रामकृपाल चौधरी, आदि ने केंद्र के कर्मचारियों को जुलाई 2025 से 3 प्रतिशत डीए घोषित घोषित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से अनुरोध किया है कि वादे के अनुसार केंद्रीय कर्मचारियों के समान राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी जुलाई 25 से तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर्स सहित प्रदान करें। जिससे कि मध्य प्रदेश सरकार के कर्मचारी आगामी दीपावली का त्योहार जश्न से मना सके।

## जो जनरेट कूपन लेकर आएंगे उन्हें ही दें खाद

**नवभारत,जबलपुर।** जिले के उर्वरक विक्रेताओं को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में बुधवार को आयोजित बैठक में पायलट प्रोजेक्ट रूप में जबलपुर जिले में लागू हुई उर्वरक वितरण की नई व्यवस्था की जानकारी दी गई। बैठक में उर्वरक वितरण की नवीन व्यवस्था में किसानों का पंजीयन करने की प्रक्रिया से भी उर्वरक विक्रेताओं को अवगत कराया गया। बैठक में उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने उर्वरक विक्रताओं को उनके उत्तरदायित्वों से अवगत कराया। साथ ही नई व्यवस्था के तहत किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया, उनके कुल रकबे को जोड़ने, फसल जोड़ने, उर्वरक का निर्धारण एवं उर्वरक प्राप्त करने पोर्टल से जनरेट हुये कूपन तथा कूपन पर अंकित क्यूआरकोड के बारे में भी जानकारी दी गई।

बैठक में उर्वरक विक्रेताओं को बताया गया कि उन्हें केवल उसी किसान को उर्वरक प्रदाय करना है जो उनके प्रतिष्ठान के लिए जनरेट कूपन लेकर आयेंगे, अन्य किसी ऐसे कृषक को उर्वरक नहीं बेचा जाना है जो बिना कूपन लिए आता है। विक्रेताओं को यह भी स्पष्ट किया गया कि उन्हें पोर्टल पर किसानों को दी जाने वाली वास्तविक उर्वरक की मात्रा की ही एंट्री करना है न कि कूपन पर जनरेट फसल की वैज्ञानिक अनुशंसा अनुसार जनरेट रकबे के आधार पर उर्वरक की पूरी मात्रा की। पोर्टल पर किसान को उपलब्ध कराई गई वास्तविक मात्रा का मैसेज किसान के मोबाइल नम्बर पर तुरंत प्राप्त हो जायेगा। उप संचालक कृषि डॉ निगम ने बैठक में उपस्थित उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरक वितरण की नवीन व्यवस्था का किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये।

## विधायक विश्नोई बारबाडोस दौरे पर

**पाटन।** 56 देशों के संगठन कॉमन वेल्थ का सम्मेलन बारबाडोस 2 अक्टूबर से होने जा रहा है जिसमे की भारत का प्रतिनिधित्व करने लोकसभा से वी डी शर्मा तो मध्यप्रदेश से पाटन विधायक अजय विश्नोई एवं भवर सिंह शेखावत के साथ विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा करेंगे 15 दिनों तक चलने वाले कॉमन वेल्थ सम्मेलन में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने हेतु विधायक अजय विश्नोई बुधवार को दिल्ली रवाना हुए जिन्हें जिले भर के लोगो ने मेल मुलाकात कर बधाई दी ।

## शराब के साथ दो तस्कर पकड़ाए



जबलपुर। केण्ट व गोसलपुर पुलिस की टीमों ने अवैध शराब के कारोबार में एक 17 वर्षिय विधि विदादित बालक एवं एक आरोपी सचिन ठाकुर 22 वर्ष निवासी ग्राम भरदा गोसलपुर को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 708 पाव देशी शराब जप्त की गई है। गोसलपुर टीआई राजेन्द्र सिंह मर्सकोले ने बताया कि ग्राम खजरी रोड़ तरफ से 2 मोटर सायकल में अधिक मात्रा में शराब बोरी में रखकर अवैध रूप से परिवहन कर बेचने गोसलपुर ला रहे चालकों को रोका गया। साथ ही एक 17 वर्षिय किशोर एवं सचिन ठाकुर 22 वर्ष निवासी ग्राम भरदा गोसलपुर को पकड़ा गया। जिनके कब्जे से बाइक, 348 पाव देशी शराब जप्त की गई। इसी प्रकार कैंट टीआई पुष्पेन्द्र पटले ने बताया कि गोलछा बरात घर के पास दबिश दी र्ग तो स्कूटी छोड़कर चालक भाग गया। मौके से बोरियों में 360 पाव देशी शराब रखी मिली। चालक की तलाश जारी है।

## 1 .20 लाख की राहर चुराने वाले गिरफ्तार, गए जेल

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अंतर्गत महावीर वेयर हाउस का ताला तोड़कर 1.20 लाख की राहर चुराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जिनके कब्जे से चोरी गई राहर समेत घटना में प्रयुक्त पिकअप जब्त कर ली है। पुलिस ने बताया कि अमित गोपाल जैन 48 वर्ष निवासी दीनदयाल वार्ड शहपुरा की अतुल टेडर्स के नाम से फर्म है 27 सितंबर की रात महावीर वेयर हाउस का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 40 बोरी राहर कीमती 1 लाख 20 हजार रूपए की चुराकर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज पतासासजी कर सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये। सूचना मिली कि किसरोद टोल नाका के पहले



नेशनल हाईवे पर एक बिना नम्बर के लोडिंग वाहन में दाल की कट्टियॉ लोड है । संदेह पर किसरोद टोल नाके के पास बिना नम्बर के वाहन को रोका गया। साथ ही उसमें सवार शैलेष उर्फ राहुल चौरसिया 29 वर्ष निवासी आमगॉव करेली नरसिंहपुर एवं भास्कर पटेल उर्फ करण पिता हुकुमचद पटेल निवासी धनवंतरी नगर संजीवनी नगर पकड़ा गया। जिन्होंने पूछताछ में वेयर हाउस से दाल की कट्टियॉ चोरी कर पिकअप वाहन में लोड कर नरसिंहपुर करेली में शैलेष उर्फ राहुल के घर में छिपा कर रखने के बाद बुधवार को बेचने के लिये चुराई हुई उक्त दाल की कट्टियों को बेचने के लिये जबलपुर ले जाना बताये। आरोपियों की निशादेही पर 40 बोरी राहर कीमती 1 लाख 20 हजार रूपये, घटना में प्रयुक्त टाटा लोडिंग वाहन जप्त कर दोनों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



## कमानिया गेट स्थित राम-जानकी हनुमान मंदिर में शस्त्र पूजन

**पनागर।** विजयादशमी पर्व के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महाबली प्रखंड पनागर के तत्वावधान में कमानिया गेट के अंदर स्थित श्री राम जानकी हनुमान मंदिर में भव्य शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उत्तम मिरी,विश्व हिंदू परिषद से संतोष पटेल बंटी जिला गौरक्षा प्रमुख, सचिन पांडे,नितिन ठाकुर जिला सहमंत्री, भूरा कुशवाहा,भोला गोटिया,संदीप साहू, आशीष असाटी, दिनेश केवट, प्रवेश दहिया, चिंटू बैरागी, प्रहलाद कुशवाहा, शिवम कुशवाहा, बलराम ठाकुर, राजा सेन, पप्पू कुशवाहा, सूरज कुशवाह, मोहित यादव, ऋषि तिवारी, सागर राय, आकाश रजक, मुकेश चौरसिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पनागर में हुआ रेजांगला पवित्र रज कलश यात्रा का स्वागत

**पनागर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के तत्वाधान में पूरे देश में भ्रमण कर रही अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर रेजांगला पवित्र रज कलश यात्रा जबलपुर नगर होते हुए पनागर पहुंची जहां पर नगर के विभिन्न संगठनों ने फूल मालाओं से कलश यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा में राष्ट्रीय संयोजक ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, प्रदेश यादव महासभा अध्यक्ष जगदीश यादव, यादव महासभा युवा प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव, संभाग अध्यक्ष विजय यादव, जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बडडा, यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे। कलश यात्रा का महाराजपुर में सुभाष पटेल, कांग्रेस नेता लक्ष्मण गोटियां पार्षद रामकुमार यादव के नेतृत्व में स्वागत किया।



कंदरा खेड़ा में नानक यादव संदीप शर्मा ने साथियों के साथ स्वागत किया।

पनागर बस स्टैंड में पार्षद प्रमोद पटेल, जिला पंचायत सदस्य इंद्र कुमार पटेल, लखन पटेल, यादव महासभा के विनय यादव, रणजीत सिंह यादव, राजेश यादव, राजू यादव, गोविंद यादव, राजा यादव, मनीष यादव, सतीश यादव, गुड्डु यादव, दीपक यादव, रत्नेश यादव, अभिषेक यादव, शेकू पुष्पेंद्र यादव आदि ने बड़े गमजोशी से रेजांगला रज कलश यात्रा का स्वागत किया।

## ब्रह्मास्त्र से मूर्छित हुए लक्ष्मण, हनुमान लाए लंका से वैद्य को



**जबलपुर, नवभारत।** गढ़ा रामलीला के सिद्ध मंच पर मेघनाथ ने शेषनाग अवतार लक्ष्मण पर ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया। इससे लक्ष्मण मूर्छित हो गये। राम सेना में हाहाकार मच गया। हनुमान जी सुखेन वैद्य को लेने लंका गए सुखेन वैद्य ने हनुमान को संजीवनी बुटी द्रोणागिरी पर्वत से लाने कहा इस पर हनुमान जी द्रोणागिरी पर्वत गए तथा वहां से द्रोणागिरी पर्वत को ही उठा कर ले आए। उस संजीवनी से लक्ष्मण की मूर्छा दूर हो गई। राम सेना और दर्शकों में खुशी छा गई। इसके उपरांत कुंभकरण को नींद से जगाने रावण द्वारा ढोल नगाड़ों का सहारा लिया गया। कुम्भकरण को ब्रह्मा ने यह अभिषाप दिया था कि यदि वह 6 माह के पहले नीद से जागेगा तो मारा जाएगा छह माह पहले नीद से जागते ही जैसे ही वह युद्ध में गया तो प्रभुश्रीराम ने अपने बाड़ों से उसके शरीर से धड़,हाथ अलग कर उसका वध किया। इसके उपरांत मेघनाथ लक्ष्मण युद्ध की रोचक लीला मंच पर हुई इसे देखकर दर्शक आनंदित हुए। इस युद्ध में लक्ष्मण ने मेघनाथ का वध किया। इस अवसर पर समिति के संचालक पंडित अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री लोकराम कोरी, रमाशंकर कटारे, डॉ. रमेश बसेड़िया, केदारनाथ शर्मा, प्रमोद तिवारी, राजेंद्र प्यासी, विजय नेमा, कैलाश नेमा, शरद दुबे कुररिया,भोलाराम खत्री, देवेन्द्र मनोध्याय, नीलेश चौबे, तोड़र सिंह पवार, राजेश नेमा, निर्देशक राजेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

विजयादशमी चल समारोह

बता दे कि शुक्रवार को श्री रामलीला समिति गढ़ा गौतम मढ़िया से विजयदशमी चल समारोह का नेतृत्व करते हुए गुलौआ तिराहा, शुक्ला नगर, माली मोहल्ला, एकता तिराहा, मेजर बीटी तिराहा, छोटी बजरिया, आनंदकुंज गढ़ा बाजार, पंडा की मढ़िया होते हुए त्रिपुरी चौक में चल समारोह का समापन होगा। इसके उपरांत रामलीला मैदान में भगवान राम द्वारा रावण का वध किया जाएगा।

### ▶ लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ वध का हुआ जीवंत मंचन




जबलपुर, नवभारत। चारों दिशाओं में हाहाकार गूंज गया रावण दल में खुशियों की लहर राम दल में दुख का पहाड़ टूट पड़ा लक्ष्मण मूर्छित हो पृथ्वी पर गिर जाते हैं सुखन बेध लंका से लाया जाता है हनुमान जी द्रोणाचल पर्वत से संजीव बूटी लेने जाते हैं अयोध्या में भारत से मुलाकात होती है हनुमान जी संजीवनी बूटी लाते हैं लक्ष्मण पुणे खड़े होते हैं मेघनाथ का वध करते हैं लंका में यह समाचार जैसे ही रावण को पता चलता है वह अपने भाई कुंभकरण को जगा कर युद्ध में भेजता है। ये अद्भुत मंचन धनुष यज्ञ रामलीला सदर में बुधवार को हुआ। जहाँ अंत में कुंभकरण का वध होता है विभीषण बहुत रोता है राम जी समझते हैं प्रभु मेरा भाई बहुत चाहता था वह धर्म का पालन करने वाला लंका का एक स्वधर्म व्यक्ति मेरा भाई गया मेरा पुत्र भी रावण विलाप करता है अंतिम युद्ध की तैयारी करो या तो मैं रहूंगा या फिर राम। बता दे कि बुधवार की आरती मुख्य जजमान प्रेम शंकर तिवारी, सीताराम कुरचानिया, संदीप चौकसे, मधुर तिवारी, डॉक्टर शंकर पांडे, नरेश तिवारी, मनोहर लाल अग्निहोत्री, ओमप्रकाश पाठक और सतीश पाठक द्वारा की गई।

## आज राष्ट्रपिता गांधी जयंती पर विविध आयोजन

**पनागर।** आज 2 अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पनागर के तत्वाधान में नगर में विविध आयोजन किए गए हैं प्रात: 11 बजे नगर पालिका के सामने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। समस्त कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ पदाधिकारी समाज सेवको पार्षद के साथ-साथ ब्लॉक मंडलम सेक्टर कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी से उपस्थित की अपील ब्लॉक अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने की है। कार्यक्रम में जबलपुर से वरिष्ठ नेता भी उपस्थित होंगे।

## संतोष कुमार जैन का निधन



जबलपुर। सेंट्रल बैंक गोकलपुर निवासी स्व.शिखर चंद जैन के जेष्ठ पुत्र स्व. संजय एवं सुनील जैन के बड़े भाई तथा पंकज, आशीष, नमन के पिता संतोष कुमार जैन का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार आज सुबह 11 बजे गोकलपुर शमशान घाट में किया जाएगा।


**कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग**
**जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन
जबलपुर (म.प्र.) पिन- 482001
निविदा सूचना क्रमांक- 12/सा./2025-26

**निविदा आमंत्रण सूचना**

Phone No. 0761-2621541
E-mail : cepwdcentral@mp.nic.in
जबलपुर, दिनांक-26/09/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकता है।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला/ लो.नि.वि. संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_PWDRB _454572_1 | जबलपुर क्र.-1 | पड़रिया सलैया मार्ग लं.7.00 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य एवं विद्युतीकरण कार्य सहित। | प्रथम | 1327.64 लाख | 10,00,000/- | 30,000/- | 12 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2. | 2025_PWDRB _454573_1 | जबलपुर क्र.-1 | गडरखेड़ा से सिहोरा मार्ग लं. 1.50 कि.मी. का निर्माण, विद्युतीकरण कार्य सहित। | प्रथम | 511.82 लाख | 5,12,000/- | 20,000/- | 06 माह वर्षाऋतु सहित |

टीप- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय की अंतिम तिथि दिनांक 14/10/2025 समय 5:30PM बजे तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-19466/25 | स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता | मुख्य अभियंता लो. नि. वि. जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर